दिनांक-20जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्टार रेटिंग की तैयारियों को लेकर आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली अहम बैठक

भिलाईनगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निगम प्रशासन स्टार रेटिंग एवं वाटर प्लस प्लस पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रहा है, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप सभी पहलुओं को मद्धेनजर रखते हुए अंक प्राप्त किया जा सके। नालियों में कचरा को रोकने के लिए तथा सीधे जल स्रोतों में कचरा न मिले इसके लिए नालियों में जालियां लगाई गई है तथा जीवीपी पाइंट को और बेहतर बनाने के लिए फेंसिंग व सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है , जहां पर रंगोली भी बनाई जा रही है। निगम क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उददेश्य से दीवारों पर रंग रोगन कर चित्रों व स्लोगन के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। मार्केट क्षेत्र में सुबह व रात्रि दोनों पालियों में सफाई व कचरा कलेक्शन कार्य जारी है! मुख्य सड़कों की नियमित सफाई व प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक के कचरा का उठाव किया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने नगर पालिक निगम भिलाई अथक प्रयास कर रहा है। सुबह एवं रात्रिकालीन सफाई कार्यों की मॉनिटरिंग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर रहे है। स्वच्छ सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओ पर आज बैठक ली गई। जनसम्पर्क अधिकारी